निर्धारित सूचना के बारे में अधिक जानने के लिए यहां स्कैन करें

**केवल पंजीकृत चिकित्सक या अस्पताल या प्रयोगशाला के इस्तेमाल के लिए**

**अस्वीकरण:** संक्षिप्त पैकेज प्रविष्टि को CDSCO द्वारा अनुमोदित पैकेज प्रविष्टि संस्करण 18 अगस्त 2021 से अद्यतन किया गया है।
Rybelsus® एक पंजीकृत ट्रेडमार्क है जो Novo Nordisk A/S के स्वामित्व में है और डेनमार्क में पंजीकृत है। आयातक: Novo Nordisk India Private Limited, Bangalore

* संपूर्ण निर्धारित जानकारी बिना किसी लागत के Novo Nordisk से प्राप्त की जा सकती है। संपूर्ण निर्धारित जानकारी के लिए, कृपया +91-080-40303200 पर संपर्क करें या हमें INAgree@novonordisk.com पर ईमेल करें या Novo Nordisk India Pvt Ltd, Plot no 32, 47-50, EPIP area, Whitefield, Bangalore -560066 पर संपर्क करें।

टिप्पणी: इस उत्पाद के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपूर्ण पैकेज प्रविष्टि का संदर्भ लें*।

Apis bull Novo Nordisk A/S का पंजीकृत ट्रेडमार्क है। इसका उपयोग चिकित्सीय सलाह के विकल्प के रूप में नहीं किया जाना चाहिए।

IN23RYB00107

RYBELSUS® semaglutide tablets

novo nordisk®

novo nordisk®

# RYBELSUS®
## semaglutide tablets

# FAQs



novo nordisk®

## नई संभावनाओं के प्रति जागरूक बनें

# RYBELSUS®

semaglutide tablets





यह दस्तावेज़ आपको
**Rybelsus®** के बारे
में अधिक जानने में मदद करेगा।




**आपके चिकित्सक ने आपके लिए Rybelsus® की अनुशंसा की है**

**बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए**
**आपको बहुत–बहुत शुभकामनाएं।**

## Rybelsus® क्या है?




# Rybelsus® (Semaglutide) टैबलेट
# 3 mg, 7 mg, या 14 mg की खुराक में उपलब्ध हैं[1]।

GLP-1 एक अंतर्जातीय पेप्टाइड हार्मोन है जो भोजन ग्रहण के बाद आंत द्वारा स्रावित होता है। GLP-1RA ग्लूकोज पर निर्भर इंसुलिन के स्राव को बढ़ाकर और ग्लूकागोन के स्राव को कम कर ग्लाइसेमिया में सुधार करता है। GLP-1RA गैस खाली होने की गति को कम कर संतुष्टि को बढ़ाता है। साथ ही, यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर संतुष्टि बढ़ाने के साथ–साथ भूख को कम करता है और इस प्रकार वजन कम करने में मदद करता है[2]।

यह टाइप 2 मधुमेह वाले वयस्कों में रक्त शर्करा (ग्लूकोज) में सुधार के लिए आहार तथा व्यायाम के साथ इस्तेमाल की जाने वाली एक अनुशंसित दवा है।

## Rybelsus®- एक ही गोली में सबकुछ[1]

- यह रक्त में शर्करा और HbA1C का स्तर कम करता है
- यह वजन कम करने में मददगार हो सकता है
- यह प्रमुख कार्डियोवास्कुलर (CV) बीमारियों जैसे हृदय आघात, स्ट्रोक, या मौत के जोखिमों को कम करता है।

1. Rybelsus® Prescribing Information
2. Holst JJ et al. Diabetes Care. 2011 May;34 Suppl 2(Suppl 2):S251-7

## मैं Rybelsus® कैसे ले सकता हूं? क्या मुझे कोई विशेष सावधानी बरतनी चाहिए?



## सबसे पहले सुबह खाली पेट एक घूंट पानी[1] के साथ Rybelsus® लें।

- पानी के साथ पूरी टेबलेट को निगल जाएं।
- Rybelsus® लेने के बाद, ध्यान रखें कि आप आधे घंटे तक कोई भी पेय/भोजन/दवा न लें।

**शुरूआती खुराक**

**3 mg** – दिन में एक बार लेना शुरू करें और 30 दिनों तक लेते रहें

**अनुरक्षण खुराक**

**7 mg** – दिन में एक बार खुराक बढ़ाएं, कम से कम 30 दिनों के लिए

**14 mg** – व्यक्तिगत जरूरतों के आधार पर खुराक को दिन में एक बार बढ़ाया जा सकता है

1. Rybelsus® Prescribing Information

## रक्त में शर्करा का स्तर नियंत्रित करने के लिए Rybelsus® कैसे काम करती है?



## रक्त में शर्करा का स्तर निम्न 3 तरीकों से कम करने के लिए Rybelsus® की गोली मधुमेह की दूसरी दवाओं की तुलना में थोड़ा अलग तरीके से काम करती है[1]:

### 1 अग्न्याशय से मुक्त होने वाले इंसुलिन में वृद्धि करती है

जब आपके रक्त में शर्करा का स्तर अधिक होता है, तब यह दवा आपके अग्न्याशय को अधिक इंसुलिन स्रावित करने के लिए उत्तेजित करती है

### 2 यकृत से मुक्त होने वाले ग्लूकोज के स्तर को कम करती है

यह आपके यकृत को बहुत अधिक शर्करा बनाने और मुक्त करने से रोकती है

### 3 खाने के बाद पेट में भोजन के आगे बढ़ने की गति को धीमा करती है

1. Holst JJet al. Diabetes Care. 2011 May;34 Suppl 2(Suppl 2):S251-7

## Rybelsus® के आम दुष्प्रभाव क्या हैं और उनसे कैसे निपटा जा सकता है?



# Rybelsus® को आमतौर पर अच्छी तरह से सहन किया जाता है और इसके सबसे आम दुष्प्रभावों में मिचली, उल्टी और दस्त शामिल हैं[1]।




यदि Rybelsus® का खुराक बढ़ाने पर दुष्प्रभाव में वृद्धि परिलक्षित होती है, तब चिकित्सक लंबे समय तक पूर्वती खुराक पर वापस जा सकता है

यदि उपरोक्त में से कोई भी उपाय प्रभावी नहीं होता है, तो अपने चिकित्सक से परामर्श करें। इन लक्षणों को ओवर–द–काउंटर दवा देकर नियंत्रित किया जा सकता है, जो मिचली और उल्टी की अनुभूति को कम कर सकता है।


1. Rybelsus® Prescribing Information
2. Gorgojo-Martínez JJ et al. Journal of Clinical Medicine. 2023 Jan;12(1):145

## मुझे अक्सर Rybelsus® कब लेना चाहिए?



## सुबह में जागते ही खाली पेट Rybelsus® लें

**Rybelsus® से अधिकतम लाभ पाने के लिए**[1]




सुबह में जागते ही खाली पेट एक गोली लें।

खाली पेट का मतलब है खुराक से 6–8 घंटे पहले तक आप कोई भोजन, पेय, मुंह से ली जाने वाली दवाएं, विटामिन या पूरक नहीं लेंगे।



आधे कप सादा पानी या एक कुल्ला पानी के साथ RYBELSUS® की एक गोली लें।

120 ml से अधिक पानी के साथ दवा न लें।




खाने, पीने या कोई भी दूसरी मुंह से ली जाने वाली दवा लेने से पहले 30 मिनट तक रूकें

30 मिनट के बाद, आप कुछ भोजन कर सकते हैं, कोई पेय ले सकते हैं या मुंह से ली जाने वाली दवाएं, विटामिन या पूरक ले सकते हैं

1. Rybelsus® Prescribing Information

## क्या Rybelsus® को मधुमेह या अन्य बीमारियों की दवाओं के साथ लिया जा सकता है ?



## Rybelsus® को अन्य दवाओं के साथ लेना सुरक्षित है[1]।




**Rybelsus®** के साथ **अधिकांश दवाओं** को लेने पर कोई **महत्वपूर्ण रोक नहीं** है।

1. Rybelsus® Prescribing Information

## मुझे कितने समय तक Rybelsus® लेते रहना चाहिए?

**दीर्घकालिक अध्ययनों में मुंह से लिए जाने वाले semaglutide की सुरक्षा और प्रभावकारिता का पता चला है। आप अपने चिकित्सक की सलाह के अनुसार Rybelsus® ले सकते हैं।**





इसके अलावा, इस दवा को निरंतर लेते रहने से आप देखेंगे कि यह मधुमेह से संबंधित जटिलताओं को रोकने में कारगर है।[1]

1. Husain M et al. Diabetes Obes Metab. 2020 Mar;22(3):442-451.

**Rybelsus® लेते समय मुझे कितनी बार अपने रक्त में शर्करा के स्तर की जांच करनी चाहिए?**



## रक्त में शर्करा के स्तर की जांच करने की आवृति[1]



यह **मौजूदा दिशानिर्देशों** के समान है और इस संबंध में आपको अपने **चिकित्सक** की **अनुशंसा** का पालन करना चाहिए।

1. ElSayed NA et al. Diabetes Care. 2023 Jan 1;46(Suppl 1):S111-S127.

# मुझे वजन क्यों बनाए रखना चाहिए?

यदि आप मधुमेह से पीड़ित है, तो अधिक वजन और मोटापा दोनों ही आपकी बीमारी को बिगाड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप, आपको हृदय रोग, स्ट्रोक, गुर्दे की खराबी (किडनी फेल) आदि का अधिक जोखिम होगा[1–5]।





**>15%** T2DM में मदद करता है और CVD से होने वाली मृत्यु दर को कम करता है

**10%-15%** यह हृदय रोग, फैटी लिवर और स्लीप एपनिया को भी कम करता है

**5%-10%** यह मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, पीसीओएस (PCOS), फैटी लीवर को रोकता है


**~5%** यह उच्च रक्तचाप और रक्त में शर्करा के स्तर को भी कम करता है


1. Garvey WT et al. Endocr Pract 2016;22(Suppl. 3):1–203.
2. Look AHEAD Research Group. Lancet Diabetes Endocrinol 2016;4:913–21.
3. Lean ME et al. Lancet 2018;391:541–51.
4. Benraoune et al.. Curr Opin Cardiol 2011;26:555–61.
5. Sundström J et al. Circulation 2017;135:1577–85.

**Rybelsus® लेते समय मुझे किन खाद्य और पेय पदार्थों से परहेज करना चाहिए?**



## Rybelsus® के लिए कोई विशेष खाद्य अनुशंसा और प्रतिबंध नहीं है[1]



केवल उसे छोड़कर, जिसकी **अनुशंसा** आपके **चिकित्सक** ने **मधुमेह** के नियंत्रण के लिए की है

1. Rybelsus® Prescribing Information

अपने मधुमेह को नियंत्रित करने के लिए **Rybelsus®** लेते हुए मैं एक स्वस्थ जीवन शैली कैसे जी सकता हूं?

# स्वस्थ जीवन शैली मधुमेह के संपूर्ण प्रबंधन योजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है[1]।



**मधुमेह प्रबंधन योजना**

- अपने चिकित्सक द्वारा अनुशंसित Rybelsus® को नियमित रूप से लें। अपने चिकित्सक के साथ नियमित फॉलो–अप करना न भूलें।
- अपने आहार में प्रोटीन, स्वस्थ वसा, धीरे–धीरे अवशोषित होने वाले कार्बोहाइड्रेट्स, स्टार्च युक्त सब्जियों और पर्याप्त पानी को शामिल करें।
- प्रति दिन/सप्ताह कम से कम 150 मिनट तक तेज गति से टहलना, जोगिंग करना न भूलें।
- धूम्रपान करना छोड़ दें और शराब थोड़ी मात्रा में पिएं।
- स्वस्थ आहार और पर्याप्त कसरत शरीर का वजन कम करने में आपकी मदद कर सकते है।

1. Davies MJ et al. Diabetes Care. 2022 Nov 1;45(11):2753-2786.